एक नजर में

## शिवमहापुराण में शिव विवाह प्रसंग का आयोजन



इंदौर. रुस्तम के बगीचे स्थित सीतलामाता मंदिर परिसर में आयोजित शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर आज शिव विवाह का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया. इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वमें विशेष उत्साह देखने को मिला. शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के दौरान भक्ति संगीत पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और आयोजन स्थल भक्तिरस से सराबोर हो गया. इससे पूर्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पुष्पानंद महाराज (पं. पवन तिवारी जी कांटाफोड़ वाले) ने राजा दक्ष एवं माता सती की प्रेरणादायी कथा का विस्तार से वर्णन किया. उन्होंने बताया कि किस प्रकार माता सती ने भगवान शिव के अपमान को सहन न करते हुए अपने प्राण त्याग दिए और पुन: पार्वती रूप में जन्म लेकर भगवान शिव से विवाह किया. कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे. आयोजन समिति के अनुसार श्री शिवमहापुराण कथा के आगामी दिनों में भी विविध प्रसंगों का सजीव वर्णन किया जाएगा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण शिवमय बना हुआ है. कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने महापुराण का पूजन किया. आयोजन समिति के सुनील ठाकुर व सूरज जोशी ने बताया कि कल कथा प्रांगण में भव्य सुंदरकांड का आयोजन रखा गया है, जिसमें आकर्षक झांकियों का दर्शन भी सम्मिलित रहेगा.

## आर्या ने एमएमए चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



इंदौर. मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर आर्या चौधरी ने लेबनान में आयोजित एशियन एमएमए चैंपियनशिप में फाइनल मुकाबले में पूर्व एशियन चैंपियन एंजेलिना नेयोमी को उन्हीं के घरेलू मैदान पर पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया. एशियन एमएमए चैंपियनशिप में एशिया भर के शीर्ष एमेच्योर फाइटर्स ने अंतरराष्ट्रीय एमएमए नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा की. फाइनल मुकाबले में आर्या ने तकनीकी स्ट्राइकिंग, मजबूत ग्रैपलिंग कंट्रोल और मानसिक संतुलन का शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर निर्णायक जीत दर्ज की. यह जीत विक्रम अवॉर्ड से सम्मानित सेंसई विकाश शर्मा के मार्गदर्शन में किए गए महीनों के सुनियोजित प्रशिक्षण का परिणाम है. यह उपलब्धि आर्या चौधरी के करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और एशियन एमएमए सर्किट पर उनकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाती है.

## डॉ. छजलानी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड




इंदौर. मध्य प्रदेश स्टेट टीवी एसोसिएशन भोपाल द्वारा डॉक्टर विजय छजलानी पूर्व जिला क्षय अधिकारी इन्दौर को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में अपने महत्वपूर्ण योगदान एवं संपूर्ण जीवन टीवी मरीजों की सेवा एवं अनेक असाधारण कार्यों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. संस्था के अध्यक्ष जयपाल सचदेव एवं मानद सेक्रेटरी डॉक्टर मनोज वर्मा द्वारा यह अवार्ड उन्हें एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया. उल्लेखनीय है कि डॉक्टर विजय छजलानी द्वारा इंदौर जिले में विगत 12 वर्षों की सेवा जिला क्षय अधिकारी के पद पर दे चुके हैं. इन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक टीवी उन्मूलन के कार्यों को पूर्ण निष्ठा व लगन से संपादित किया, इनके द्वारा निश्चय मित्र योजना जिसके अंतर्गत गरीब टीवी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है इसका शुभारंभ भी इन्हीं के कार्यकाल में आरंभ हुआ. डॉक्टर विजय छजलानी वर्तमान में भी बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने चिकित्सक नगर पर अपने घर पर ही टीवी मरीज के उपचार का कार्य कर रहे हैं. इनके इसी समर्पण भाव एवं टीवी उन्मूलन में किए गए विशेष योगदान हेतु संस्था द्वारा उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया. इस सम्मान पर क्षय पीड़ित सहायक संघ के अध्यक्ष एच एल जैन, सचिव जय प्रकाश माहेश्वरी, उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, डॉक्टर अतुल खर्राटे, डॉक्टर जीडी नगर, डॉक्टर शरद दोषी, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार जैन व अनेक इष्ट मित्रों द्वारा बधाई दी गई.

## सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कल

इंदौर. महापौर ने आज विशेष केंद्रीय सहायता के तहत भामोरी प्लाजा से एमआर 10 एवं वाव होटल तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कल होगा। उक्त सड़क 16.76 करोड़ के लागत से बनाई जाएगी. जन कार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक रमेश मेंदोला द्वारा कल सुबह 10 बजे भमोरी प्लाजा भमोरी चौराहा के पास विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत लागत राशि रु. 16.76 करोड़ से भमोरी चौराहे से एमआर- 10 एवं राजशाही गार्डन से होटल वॉव तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे. इस मौके पर सभापति मुन्ना लाल यादव,पार्षद ज्योति पवार, पूजा पाटीदार एवं क्षेत्रीय रहवासी मौजूद रहेंगे.

# मालवा-निमाड़ में कई प्रतिष्ठान सौर ऊर्जा से प्राप्त कर रहे बिजली

- सौर ऊर्जा, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने सरकार संकल्पित: शुक्ला
- नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री ने सोलर एक्सपो का किया अवलोकन







**इंदौर.** सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृत संकल्पित है. देश में पीएम कुसुम योजना अबाध गति से चल रही है. पीएम कुसुम योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं. इस योजना का लक्ष्य है किसानों को सौर ऊर्जा के माध्यम से सशक्त बनाना. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रदेश में पीएम कुसुम योजना को बढ़ावा दे रहे हैं और इस योजना के अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं. मालवा-निमाड़ क्षेत्र में अब कई घरों, शिक्षा संस्थानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्राप्त की जा रही है। जगह-जगह सौर ऊर्जा के प्लांट भी लग रहे है। यह एक अच्छा संकेत है।

यह बात नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कही. ऊर्जा मंत्री गुरुवार को इंदौर के शेराटन ग्रैंड पैलेस में आयोजित ग्लोबल सोलर एक्सपो में अपना संबोधन दे रहे थे. उन्होंने फीता काटकर सोलर एक्सपो का शुभारंभ किया. उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है। सौर ऊर्जा से संचालित सोलर पैनल का उपयोग करने वाले हितग्राहियों को राज्य सरकार सब्सिडी दिलाने में भी सहयोग कर रही है. राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश सौर ऊर्जा, बायोगैस, ग्रीन एनर्जी की तरफ जाए. विशेषकर ग्वालियर-चंबल संभाग में इस दिशा में अधिक कार्य करने की आवश्यकता है. ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश करने वाले औद्योगिक समूहों को आह्वान किया कि वे प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में शीर्ष पर आगे ले जाए, इसके लिए राज्य सरकार उन्हें हर तरह की मदद करने के लिए तत्पर है. कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री शुक्ला ने सोलर एक्सपो के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और उद्यमियों से संवाद कर उनसे सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी प्राप्त की.

### कार्यों की जानकारी दी

इस मौके पर ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैस ने राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ ऊर्जा विकास निगम के बारे में भी बताया. साथ ही सोलर उद्यमियों द्वारा सौर ऊर्जा से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के जवाब दिए. कार्यक्रम का आयोजन ई. क्यू. मैग्जीन की ओर से किया गया था। मैग्जीन के सीईओ आनन्द गुप्ता ने बताया कि इस दो दिवसीय सोलर एक्सपो में देशभर के 80 से अधिक सौलर कंपनियों ने भाग लिया.

# आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली अवैध फैक्ट्री सील

- जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**इंदौर.** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में स्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न आयामों पर अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है. इसी सिलसिले में प्राप्त सूचना के आधार पर आज आज कलेक्टर वर्मा के निर्देश पर प्रशासनिक अमले द्वारा ग्राम धरमपुरी-सोलसिंदा स्थित रेबिहांस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया. यह फर्म सुखलिया, इंदौर निवासी सुरेंद्रसिंह पिता गोविंदसिंह के निर्देशन में संचालित पाई गई. अवैध रूप से संचालित इस फैक्ट्री को सील किया गया.

एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान फर्म में 30 से अधिक प्रकार के आयुर्वेदिक सिरप पाए गए, लेकिन इन उत्पादों की गुणवत्ता जांच हेतु कोई प्रयोगशाला व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी. साथ ही, दवाइयों के निर्माण में प्रयुक्त घटक (कंपोनेंट) संबंधी आवश्यक फाइलिंग एवं दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके. प्रत्येक उत्पाद पर अलग-अलग कंपनियों के नाम जैसे मनोमय लाइफ केयर जिरकपुर, पंजाब, रेबिहांस बायोटेक श्यामपुर, प्रेमनगर देहरादून आदि अंकित पाए गए, किंतु जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन कंपनियों से किसी प्रकार का वैध टाई-अप या अनुबंध नहीं है. फर्म में कार्यरत केमिस्ट संजय डेविड ने बताया कि उन्होंने गुजराती कॉलेज इंदौर से बीएससी (मैथ्स) किया है तथा सिरप निर्माण का अनुभव उन्हें एमको फार्मा में कार्य के दौरान प्राप्त हुआ था. हालांकि, निर्धारित नियमों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप योग्यता एवं अधिकृत व्यवस्था का अभाव पाया गया. इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम सांवेर घनश्याम धनगर, तहसीलदार पूनम तोमर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं आयुष विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे.



# वार्ड 82 में 20 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

- अमृत 2.0 के तहत ड्रेनेज लाइन एवं रोड डिवाइडर का निर्माण

**नव भारत न्यूज**


**इंदौर. नगद निगम के वार्ड 82 में आज 20 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का महापौर ने भूमिपूजन किया. इसके तहत अमृत योजना में ड्रेनेज लाइन और सेंट्रल रोड डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा.**

जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मालिनी गौड ने सुदामा नगर डी एवं ई सेक्टर में लगभग 20 करोड़ की लागत से नवीन ड्रेनेज पाइप लाइन बिछाने तथा फूटी कोठी चौराहे से हवा बंगला तक 84 लाख रुपए की लागत से सेंट्रल रोड डिवाइडर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. कार्यक्रम में पार्षद नितिन शर्मा (शानु), महापौर प्रतिनिधि भरत पारख सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित थे.

इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास में अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के माध्यम से आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रहा है. पाइप लाइन बिछाने के बाद जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान होगा. साथ ही बारिश में जलभराव की स्थिति समाप्त होगी. वहीं सेंट्रल रोड डिवाइडर के निर्माण से यातायात व्यवस्था सुगम होकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी.

# खजराना गणेश को भक्तों ने अर्पित किए 1.78 करोड़ से ज्यादा

- भक्तों ने विदेशी मुद्रा, बंद हो चुकी करेंसी, नकली नोट, सोना-चांदी भी किया दान
- सख्त सुरक्षा के बीच 7 दिन चली दान पेटियों की गिनती





**इंदौर.** शहर के देवालयों और आस्था के प्रमुख केंद्रों में अग्रणी खजराना गणेश मंदिर में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि भक्तों के दान ने नया कीर्तिमान रच दिया. सात दिन तक चली दान पेटियों की गिनती पूरी हो गई है. गिनती के बाद जब हिसाब सामने आया तो आंकड़ा 1 करोड़ 78 लाख 26 हजार 684 रुपए रहा. भक्तों की श्रद्धा सिर्फ भारतीय नोटों तक सीमित नहीं रही, बल्कि विदेशी मुद्रा, बंद हो चुकी करेंसी, नकली नोटों के अलावा सोने और चांदी के आभूषण भी भक्तों ने गणपति बप्पा के चरणों में अर्पित किए गए.

**साल में तीन बार होती है दान पेटियों के दान की गणना** -परंपरा के अनुसार खजराना गणेश मंदिर में साल में तीन बार भक्तों द्वारा दान पेटियों में डाली गई दान राशि की गिनती होती है. वर्ष 2024 खजराना के लिए सबसे खास साबित हुआ. पिछले साल यानी 2024 में अब तक का सबसे अधिक दान दर्ज किया गया था, वहीं कोरोना काल का 2020 ऐसा साल रहा, जब दान सबसे कम रहा. इस साल चार माह पहले 1 अगस्त को हुई गिनती में भी मंदिर को1.68 करोड़ मिले थे और अब दिसंबर में 1.78 करोड़ से ज्यादा की दान राशि आई है. मंदिर परिसर में लगी 43 दान पेटियों से निकली पूरी राशि को प्रबंध समिति ने पीएनबी और यूनियन बैंक के खातों में जमा करा दिया है. मैनेजर घनश्याम शुक्ला के मुताबिक, इसके बाद सभी पेटियों को दोबारा सील कर सुरक्षित स्थानों पर रख दिया गया.

**भरोसे और उम्मीद का भी सबसे बड़ा केंद्र बना खजराना गणेश मंदिर**-खजराना गणेश का दरबार सिर्फ दान का नहीं, भरोसे और उम्मीदों का भी सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है. दान पेटियों से निकली रकम के साथ-साथ निकले सैकड़ों पत्रों ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. जो पत्र मिले, उनमें श्रद्धालुओं ने अपने दिल की बातें भगवान गणेश को लिखी थीं. किसी ने नौकरी की आस, किसी ने पारिवारिक तनाव से मुक्ति की गुहार लगाई, तो किसी ने बच्चों का भविष्य संवारने तो किसी ने सूनी गोद भरने की कामना लेकर भगवान गणेश के दरबार में हाजिरी लगाई. पश्चिम क्षेत्र की एक मां ने अपनी बेटी का धामनोद से इंदौर ट्रांसफर कराने की मनौती लिखी, तो कई श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और शांति की कामना की.

### ये है गिनती में तारीखवार दान का आंकड़ा

दान राशि की पूरी गिनती किसी मिशन से कम नहीं थी. कड़ी सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और ट्रेजरी अधिकारी, नगर निगम व बैंक कर्मियों की मौजूदगी में दान पेटियों से निकले दान की गणना संपन्न हुई. 8 दिसंबर को 64 लाख, 9 को 39 लाख, 10 को 34 लाख, 11 को 19 लाख, 12 को 11 लाख और 15 दिसंबर को 2.50 लाख की राशि निकली. इस तरह हर दिन खुलती पेटियों के साथ आस्था का आंकड़ा भी बढ़ता चला गया.

# एयरपोर्ट अथॉरिटी के बड़े अधिकारी जल्द करेंगे दौरा

- यात्रियों को हो रही असुविधा को लेकर सांसद की मंत्री से अहम बैठक



**इंदौर.** एयरपोर्ट पर यात्रियों को हो रही लगातार परेशानियों और बढ़ते यात्री दबाव को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने बुधवार को नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की. इस बैठक में एयरपोर्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे. सांसद लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों को रोजमर्रा में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को एक-एक कर मंत्री के सामने रखा.

सांसद लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट पर पार्किंग एरिया में लगातार भीड़ बनी रहती है. पार्किंग के बाद टर्मिनल में प्रवेश के दौरान विशेष रूप से सुबह के समय लंबी कतारें लग जाती हैं, क्योंकि एक ही समय पर कई फ्लाइट्स का शेड्यूल रहता है. इसके अलावा सुरक्षा जांच के दौरान भी यात्रियों को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे असुविधा बढ़ जाती है. उन्होंने यह भी बताया कि जब एक साथ कई फ्लाइट्स आती हैं, तब एयरपोर्ट के वेटिंग एरिया में यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं रहती. इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ता है, जिन्हें खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है. बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि एयरपोर्ट पर रात के समय चल रहे रनवे के कारपेटिंग कार्य के कारण कई बार फ्लाइट संचालन प्रभावित होता है और देरी की स्थिति बनती है. साथ ही एयरपोर्ट परिसर में सीमित जगह होने के बावजूद अलग-अलग ऑफिस स्पेस विकसित किए जाने से ऑपरेशनल एरिया कम हो रहा है, जबकि यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है. मंत्री श्री नायडू ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट अथॉरिटी के ऑपरेशन डायरेक्टर और प्लानिंग डायरेक्टर स्वयं अगले सप्ताह इंदौर का दौरा करें. वे स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मौके पर सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेंगे और एक विस्तृत रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगे.

### यात्री सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें

सांसद लालवानी ने सुझाव दिया कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इंदौर एयरपोर्ट के डेवलपमेंट प्लान में यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट पर उपलब्ध स्थान का बेहतर और व्यावहारिक उपयोग करते हुए पार्किंग, वेटिंग एरिया, सिक्योरिटी चेक और टर्मिनल एंट्री जैसी सुविधाओं को मजबूत किया जाना चाहिए.

## अंतर महाविद्यालयीन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता 24 को

इंदौर. महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज को म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की सीधी संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का दायित्व सौंपा गया है. उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसंबर को श्रीराम, जिम्नेशियम रोबर्ट स्क्वायर के पास, एम.आर 9 पर किया जाएगा. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के सभी आठ जिलों के महाविद्यालय आमंत्रित है. क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई एवं क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी ने बताया कि उक्त स्पर्धा पुरुष एवं महिला वर्ग के आठ वजन वर्गों में आयोजित की जाएगी. इस स्पर्धा के आधार पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की पॉवर लिफ्टिंग पुरुष एवं महिला टीम का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालय एवं दक्षिण पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेगी. राज्य स्तरीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता के आयोजन भी महाराजा रणजीत सिंह महाविद्यालय, इंदौर को सौंपा गया है जो जनवरी की अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बड़वानी (म. प्र. )**
E-mail : eephedbar@mp.nic.in,
नि. आ.सू. क्र./12/निविदा/का.यं. / लोस्वायां / 2024-25 बड़वानी, दिनांक 10.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in/ पर बड़वानी जिले के विकासखण्ड पाटी एवं राजपुर के विभिन्न ग्रामों में स्थित हैडपम्पों के लघु एवं वृहद संधारण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा सिस्टम टेण्डर नं. 2025_PHED_467152_1 2025_PHED_467159_1 द्वारा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर आमंत्रित की गई है।

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि :- 23.12.2025 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि :- 23.12.2025 17:30 बजे
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि :- 24.12.2025 18:00 बजे

निविदा फार्म उपर दर्शित वेबसाईट (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन नुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एव उससे संबंधित विस्तृत जानकारी उपर दर्शायी गयी वेबासईट पर उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री/
लोक स्वा.यां.खण्ड बड़वानी
G22899/25

## ध्यान शिविर 21 को

इंदौर. सहज योग ध्यान समिति इंदौर द्वारा 21दिसंबर ,रविवार को सुबह 8 बजे निशुल्क ध्यान शिविर का आयोजन किया जायेगा. विश्व ध्यान दिवस पर यह आयोजन बोलिया सरकार की छत्री एमजी रोड स्थित हीरा लस्सी के पास होगा.

एक नजर में

इनर व्हील क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन की मंडलाध्यक्ष की आधिकारिक यात्रा

## सर्वाइकल कैंसर जागरूकता व वैक्सीनेशन के लिए कार्य करें




**इंदौर. इनर व्हील क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन की मंडलाध्यक्ष आधिकारिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई. मंडलाध्यक्ष विभा सिंह ने क्लब की सभी गतिविधियों एवं क्लब कार्यकारिणी के कार्य की सराहना की तथा उनके टीमवर्क को प्रशंसनीय बताया.**

मंडलाध्यक्ष विभा जी ने क्लब की तीन प्रमुख परियोजनाओं का निरीक्षण किया.

इसमें बेगमखेड़ी सरकारी विद्यालय में छात्रों की सुविधा हेतु वॉशरूम निर्माण, राजशांति आशियाना में मेडिकल इक्विपमेंट बैंक प्रकल्प के अंतर्गत क्लब द्वारा पलंग, दो व्हील चेयर, दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, दो वॉकर, नेबुलाइजर, आई वी स्टैंड, ऑक्सीजन सिलेंडर, बीपी मशीन, शुगर मशीन, वॉकिंग स्टिक, कमोड स्टूल, एयर बेड, एल्बो एवं अंडरआर्म क्रच, हॉट एवं कोल्ड थेरेपी पैड आदि क्लब द्वारा दिए गए और आभा कुंज की स्ट्रीट लाइब्रेरी स्थापित की गई जिसका कोई भी जरूरतमंद बच्चे उपयोग कर सकते हैं. मीटिंग की शुरुआत अध्यक्ष अनीता सेठ द्वारा की गई. इनर व्हील प्रार्थना क्लब सचिव डॉ. आराधना सहाय द्वारा, सरस्वती वंदना अर्चना गुप्ता द्वारा तथा गणेश वंदना तमन्ना नंदवाल

द्वारा प्रस्तुत की गई. इसके बाद सचिव डॉ. आराधना सहाय, कोषाध्यक्ष श्रेया तिवारी, आईएसओ सबीना कटोच और संपादक रीटा अग्रवाल ने अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की. अपने संबोधन में मंडलाध्यक्ष विभा ने ऑरेंज द वर्ल्ड-महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरुद्ध इनर व्हील कैंपेन- को सक्रिय रूप से चलाने के लिए कहा. इसके साथ ही उन्होंने समाज में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता और वैक्सीनेशन के लिए भी कार्य करने पर बल दिया. मंडलाध्यक्ष की उपस्थिति में क्लब द्वारा 150 सेट नए लोअर और शर्ट आनंद सर्विस सोसायटी के विशेष छात्रों तथा आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को प्रदान किए गए. जुलाई से नवंबर तक क्लब ने कुल 73 प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए. वाइस प्रेसिडेंट मीना भावे ने आभार माना. संचालन कमलेश शर्मा और लीना बाजपेई ने किया.

# युवाओं को क्रिप्टो में निवेश के लिए कर रहे जागरूक

- वर्कशॉप और मीटअप्स का कर रहे आयोजन



इंदौर. इंदौर जैसे टियर-2 शहर, क्रिप्टो और फ्यूचर्स ट्रेडिंग को अपनाने की दौड़ में मेट्रो शहरों से भी आगे निकल रहे हैं. युवाओं में न केवल ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, बल्कि क्रिप्टो निवेश को लेकर भी जबरदस्त उत्साह है. हमारा मकसद क्रिप्टो ट्रेडिंग के बारे में जागरूकता फैलाना और डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग की बारीकियों को आसान भाषा में समझाना है.

यह बात पाई42 के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश शेखर ने कही. वे इंदौर में लोगों को क्रिप्टो डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग के प्रति जागरूक करने को लेकर चर्चा कर रहे थे. श्री शेखर ने कहा कि हमारा अगले दो वर्षों में मध्य प्रदेश से एक लाख से अधिक सक्रिय क्रिप्टो निवेशकों को अपने प्लेटफॉर्म से जोड़ने की तैयारी में है. कंपनी राज्य के नागरिकों खासकर युवाओं को क्रिप्टो डेरिवेटिव्स ट्रेडिंग और निवेश की बारीकियां सिखाने के लिए वर्कशॉप्स, मीटअप्स और कई अन्य जागरूकता अभियान चला रही है. हाल ही में, हमने ऑप्शंस ट्रेडिंग शुरू करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और भी मजबूत किया है, जिससे यूज़र्स को ट्रेडिंग में ज्यादा लचीलापन और रणनीतिक नियंत्रण मिल सके. क्रिप्टो डेरिवेटिव्स एक्सचेंज के तौर पर, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम निवेशकों को सही जानकारी दें और सोच-समझकर फैसले लेने की संस्कृति को बढ़ावा दें. हम मध्य प्रदेश को लेकर बेहद उत्साहित हैं और यहाँ निवेशकों तक पहुँचने के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेंगे. उन्होंने कहा कि इंदौर हमारे लिए एक प्रमुख बाज़ार बन चुका है. पिछले दो सालों में यहाँ से निवेशकों की संख्या में भारी उछाल आया है. इस ग्रोथ में 18 से 25 साल के युवाओं का बड़ा हाथ है.

**कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग इंदौर**
**निविदा विज्ञप्ति (तृतीय निविदा आमंत्रण)**
(मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बाबत् )
क्रमांक/तक./निविदा/2025-26/4032 इंदौर, दिनांक :- 16/12/25

**-: निविदा सूचना :-**

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम इंदौर स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण मेस संचालन के लिये केटरिंग संस्था का चयन हेतु एक वर्ष 2025 2026 की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई. ओ. आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 03/2025 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम इंदौर स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत मेस संचालन के लिये केटरिंग एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण | 18.12.2025 | 2000/- | 200000/- | 08.01.2026 |

1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री इंदौर दिनांक 18.12.2025 से निर्धारित मूल्य का भुगतान कर प्राप्त कर सकते है।
2) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रूपयें 35 लाख (राशि रूपये पेतीस लाख मात्र) वार्षिक है।
3) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 02.01.2026 तक क्रय किया जा सकेगा।

कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग, इंदौर
G22851/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'